10

कृषि का प्रबंधन

भारत एक ऐसा देश है जहाँ बहुसंख्य जनसंख्या का प्रमुख व्यवसाय खेती या कृषि है। भोजन किसी भी व्यक्ति की आधारभूत आवश्यकता है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को खेती की बारे में जानकारी रखनी चाहिए। यह हमारे दैनिक जीवन से जुडा हुआ है। यहां तक कि अगर आगे जाकर हम इसे व्यवसाय के रूप में न भी चुनें तब भी आधारभूत जानकारी जीवन में सहायक होगी।

उद्देश्य

इस पाठ का अध्ययन करने के पश्चात् आप :

- विभिन्न कृषि गतिविधियों की व्याख्या कर सकेंगे;
- फसल उगाने की विधियों का वर्णन कर सकेंगे;
- फसलों की सुरक्षा की विधियां सीख सकेंगे; और
- खेती के मौसमी प्रतिरूप की व्याख्या कर सकेंगे।

10.1 कृषि की गतिविधियां

कृषि की गतिविधियों में विभिन्न चरण सम्मिलित हैं। बुवाई से पहले जुताई और समतलीकरण होता है। एक बार बुवाई पूरी हो जाए तो उसके बाद सिंचाई, निराई–गुडाई, खाद एवं उर्वरक देना, कीटनाशकों का छिडकाव, कटाई, गहाई,

फसल की डंठल की छडी से धुनाई, अनाज की छनाई व सफाई आदि जैसी विभिन्न प्रक्रियाएं की जाती हैं। अनाज की एक बार फिर से सफाई कर जूट या प्लास्टिक के थैले में भंडारित कर बाजार में बिक्री के लिए भेज दिया जाता है। किसान अनाज की कुछ मात्रा को अपने घरेलू उपयोग के लिए रख लेते हैं।

10.2 फसलों का संरक्षण

यह आवश्यक है कि फसलों के स्वास्थ्य और उन्की वृद्धि को लगातार देखा जाए। ऐसा उन्हें बीमारियों से बचाने के लिए किया जाता है। फसलों की उपयुक्त वृद्धि के लिए आवश्यक है कि उन्हें उचित मात्रा में खाद और उर्वरक दिए जाएं। फसलों की पक्षियों और पशुओं से सुरक्षा भी आवश्यक है। कीटनाश्कों का छिडकाव फसलों को कीटों और बीमारियों से बचाने में सहायक होता है।

10.3 मौसमी कृषि प्रतिरूप

मौसम के आधार पर मुख्य रूप से दो प्रकार की फसलें हैं–खरीफ और रबी।

1. खरीफ फसलें

जून और जुलाई महीने में वर्षा ऋतु की शुरुआत में बोई जाने वाली फसलें खरीफ कहलाती हैं। उदाहरण के लिए बाजरा, चावल, मूंग, मूंगफली, कपास आदि।

2. रबी फसल

वे फसलें जो शीत ऋतु में बोई जाती हैं लेकिन ग्रीष्म ऋतु की शुरुआत से पहले काट ली जाती है, रबी फसल कहलाती है। उदाहरण के लिए गेहूँ, चना, ज्वार आदि।

वर्षा जल में उगने वाली फसलें वर्षापोषी या बरनी फसल कहलाती है। उदाहरण के लिए बाजरा, मूंगफली, कपास, दालें आदि। वे फसलें जिन्हें सिंचाई की आवश्यकता होती है वे सिंचित फसलें कहलाती हैं। उदाहरण के लिए गन्ना, केला, अंगूर आदि।

? क्या आप जानते हैं

1. अपने आस-पास उगाई जाने वाली विभिन्न फसलों का पर्यवेक्षण कीजिए और सूची बनाइए।
2. अपने क्षेत्र में गहाई की प्रक्रिया का पर्यवेक्षण कीजिए।

पाठगत प्रश्न 10.1

1. खरीफ व रबी की किन्हीं दो फसलों का नाम लिखिए।
2. बरनी फसल क्या है?

आपने क्या सीखा

- भारत एक कृषि प्रधान देश है।
- यहां फसल के दो मौसम हैं-खरीफ और रबी।

- गेहूँ, चावल, बाजरा, गन्ना, चाय, दालें प्रमुख फसलें हैं।
- फसलों को कीटों और बीमारियों से बचाना महत्वपूर्ण है।

पाठांत प्रश्न

1. बरनी फसल से क्या तात्पर्य है?
2. खरीफ फसल में कौन सी फसलें शामिल हैं?
3. कृषि कार्यों के चार चरणों का नाम लिखिए।

उत्तरमाला

10.1

1. खरीफ – चावल, मूंगफली, बाजरा, मूंग (कोई दो)।
2. वर्षा जल से होने वाली फसल बरनी फसल है।